भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 1494
गुरुवार, 15 दिसंबर, 2022 / 24 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**विमानपत्तन पर अवसंरचना का विकास**

**1494. श्री मद्दीला गुरुमूर्ति:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विमानपत्तनों पर विश्वस्तरीय अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए किसी योजना का प्रस्ताव है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या सरकार विमानपत्तनों पर गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए किन्ही अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करती है.

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ड) विमानपत्तनों पर अवसंरचना के विकास के लिए राज्य-वार कितनी धनराशि स्वीकृत और जारी की गई है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) )**

(क) और (ख): हवाईअड्डों की अवसंरचना का अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण, एक सतत प्रक्रिया है और यह भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक विचार, यातायात की मांग/ऐसे हवाईअड्डों पर/से प्रचालन करने की एयरलाइनों की मांग/इच्छा के आधार पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) तथा अन्य हवाईअड्डा विकासकर्ताओं द्वारा समय-समय पर किया जाता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) और अन्य हवाईअड्डा विकासकर्ताओं ने अन्य गतिविधियों के साथ मौजूदा टर्मिनलों के विस्तार एवं रूपांतरण करने, नए टर्मिनल बनाने और रनवे के सुदृढ़ीकरण हेतु लगभग 98,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत परिव्यय का लक्ष्य रखा है। ।

(ग) और (घ): नागर विमानन महानिदेशालय ने, हवाईअड्डा अवसंरचना की अपेक्षाओं को निर्धारित करने हेतु दिनांक 26.08.2015 को नागर विमानन अपेक्षा (सीएआर) खंड - 4, हवाईअड्डा मानक एवं लाइसेंसिंग, श्रृंखला बी, भाग-I जारी किया है, जिसे दिनांक 08.11.2018 को संशोधित किया गया था। यह सीएआर, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन संबंधी नागर विमानन कन्वेंशन के अनुलग्नक-14 में प्रकाशित किए अनुसार हवाईअड्डों के अंतर्राष्ट्रीय मानकों और अनुशंसित कार्यप्रणालियों पर आधारित है।

(ङ): नौ (09) ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों, जिन पर प्रचालन आरंभ किया जा चुका है, की परियोजना लागत इस प्रकार है:-दुर्गापुर-670 करोड़ रुपये, शिरडी-320 करोड़ रुपये, पाक्योंग- 553.53 करोड़ रुपये, कन्नूर-2342 करोड़ रुपये, कालाबुरगी-175.57 करोड़ रुपये, ओरवाकल (कुरनूल)- 187 करोड़ रुपये, सिंधुदुर्ग-520 करोड़ रुपये, कुशीनगर-448 करोड़ रुपये और डोनी पोलो, ईटानगर-646 करोड़ रुपए। इसके अलावा, दिल्ली, बैंगलोर, हैदराबाद, लखनऊ, मंगलुरु, गुवाहाटी और अहमदाबाद हवाईअड्डों ने, 2019-25 की अवधि के लिए, क्रमश: 10,550 करोड़ रुपये, 13,552 करोड़ रुपये, 6,288 करोड़ रुपये, 1,383 रुपये करोड़ रुपये, 567 करोड़ रुपये, 1,232 करोड़ रुपये और 376 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय निर्धारित किया है।

इसके अलावा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न हवाईअड्डों पर किए गए प्रमुख कार्यों का विवरण अनुलग्नक पर उपलब्ध है।

**लोकसभा के दिनांक 15.12.2022 के प्रश्न संख्या 1494 के भाग (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**नए हवाईअड्डों/नए टर्मिनल भवनों पर चले रहे प्रमुख कार्य**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **हवाईअड्डा** | **कार्य का प्रकार** | **अनुमोदित लागत ( रुपए करोड़ में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर | एनआईटीबी का निर्माण और संबद्ध कार्य | 707.73 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर एप्रन, एटीसी टॉवर सहित एनआईटीबी का निर्माण और संबंधित कार्य। | 611.80 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | तेजु | अरुणाचल प्रदेश के तेजू हवाईअड्डे का प्रचालनीकरण/अपग्रेडेशन । | 67.74 |
| 4 | बिहार | दरभंगा | दरभंगा हवाईअड्डे का विकास एसएच: सिविल, इलेक्ट्रिकल, फायर फाइटिंग, एचवीएसी/ वीआरएफ , एयरपोर्ट सिस्टम, आईटी सिस्टम, कार पार्किंग और सड़कें, बाउंड्री वॉल, सिटी साइड डेवलपमेंट और मौजूदा प्री-इंजीनियर्ड टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार तथा डिजाइन और निर्माण के आधार पर मौजूदा टर्मिनल भवन में संशोधन सहित अन्य संबद्ध कार्य। | 36.94 |
| 5 | बिहार | पटना | पटना हवाईअड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन और अन्य संरचनाओं (चरण I और II) का निर्माण। | 1216.90 |
| 6 | | पटना | राज्य सरकार के अधीन हैंगर, फ्लाइंग क्लब बिल्डिंग, वीआईपी लाउंज बिल्डिंग का निर्माण और अन्य संबंधित कार्य। | |
| 7 | | पटना | एटीसी कंट्रोल ब्लॉक, टेक्निकल ब्लॉक फायर स्टेशन और कार्गो ब्लॉक का निर्माण। | |
| 8 | गुजरात | धोलेरा | धोलेरा , अहमदाबाद (गुजरात) में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का विकास । | 1305.00 |
| 9 | | राजकोट | हीरासर (राजकोट) में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का निर्माण । | 1405.00 |
| 10 | | सूरत | सूरत हवाईअड्डे पर टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार। | 353.25 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 1 | | | सूरत में एप्रन का विस्तार और समानांतर टैक्सी ट्रैक का निर्माण। | |
| 12 | | | सूरत हवाईअड्डे पर टर्मिनल बिल्डिंग के सामने कैनोपी का निर्माण। | |
| 13 | गोवा | गोवा | मौजूदा एकीकृत टर्मिनल भवन का विस्तार। | 255.69 |
| 14 | लद्दाख (यूटी) | लेह | लेह हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण। | 480.33 |
| 15 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | ग्वालियर हवाईअड्डे पर सिविल एन्क्लेव का विस्तार ग्वालियर हवाईअड्डे पर टर्मिनल बिल्डिंग, सहायक भवनों, कार पार्किंग का निर्माण, सिटी साइड डेवलपमेंट और अन्य संबंधित कार्य। | 446.12 |
| 16 | | | ग्वालियर हवाईअड्डे पर 09 नंबर एबी-321 प्रकार के विमानों की पार्किंग के लिए संबंधित कार्यों सहित एप्रन और लिंक टैक्सी का निर्माण। | |
| 17 | मध्य प्रदेश | जबलपुर | एबी-320 प्रकार के विमान के लिए जबलपुर हवाईअड्डे का अपग्रेडेशन। | 412.24 |
| 18 | | | एसएच नया टर्मिनल भवन। | |
| 19 | मणिपुर | इम्फाल | मणिपुर, इम्फाल के इम्फाल अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन, नियंत्रण टावर सह तकनीकी ब्लॉक, एप्रन, लिंक टैक्सीवे का निर्माण और संबद्ध कार्य। | 499.00 |
| 20 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | नए टर्मिनल भवन का निर्माण। | 71.72 |
| 21 | | पुणे | नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण। | 475.39 |
| 22 | ओडिशा | भुवनेश्वर | लिंक बिल्डिंग का निर्माण। | 87.21 |
| 23 | तमिलनाडु | चेन्नई | चेन्नई हवाईअड्डे का आधुनिकीकरण (द्वितीय चरण)। | 2467.00 |
| 24 | तमिलनाडु | त्रिची | त्रिची हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन, एप्रन, एटीसी कॉम्प्लेक्स का निर्माण। | 951.00 |
| 25 | | तूतीकोरिन | तूतीकोरिन हवाईअड्डे का विकास : एसएच: तूतीकोरिन हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन, एटीसी टॉवर सह तकनीकी ब्लॉक, फायर स्टेशन का निर्माण और अनुरक्षण, | 380.87 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | प्रचालन एवं एआईसीएमसी सहित संबद्ध कार्य । | |
| 26 | | | तूतीकोरिन हवाईअड्डे का विकास<br>एसएच: ब्लास्ट पैड, आरईएसए, टैक्सीवे, एप्रन, जीएसई क्षेत्र, आइसोलेशन बे तथा विविध कार्यों के साथ रनवे का विस्तार। | |
| 27 | उत्तर प्रदेश | अयोध्या | उत्तर प्रदेश के अयोध्या हवाईअड्डे का विकास।<br>एसएच: डिजाइन और बिल्ड (ईपीसी) आधार पर पर प्री-इंजीनियरिंग बिल्डिंग (पीईबी) का निर्माण और अन्य संबंधित कार्य। | 328.00 |
| 28 | | | उत्तर प्रदेश के अयोध्या हवाईअड्डे का विकास।<br>डिजाइन और बिल्ड (ईपीसी) आधार पर परिचालन क्षेत्र में फुटपाथ, ग्रेडिंग और अन्य कार्य। | |
| 29 | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर | गोरखपुर सिविल एन्क्लेव, गोरखपुर में यात्री टर्मिनल भवन का विस्तार | 26.87 |
| 30 | | कानपुर | कानपुर ( चकेरी ) हवाईअड्डे का विकास | 168.87 |
| 31 | | सहारनपुर | सरसावा में सिविल एन्क्लेव का विकास | 80.00 |
| 32 | | फुरसतगंज | सिविल प्रचालनों के लिए फुर्सतगंज हवाईअड्डे का विकास | 25.24 |
| 33 | | मुइरपुर | मुइरपुर में हवाईअड्डे का विकास | 44.51 |
| 34 | उत्तराखंड | देहरादून | देहरादून हवाईअड्डे पर घरेलू यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण | 456.86 |

।